लेखा नियंत्रक

कार्यालय लेखा नियंत्रक, राजमाता विजयाराजे सिंधिया,कृषि विश्वविद्यालय,
राजा पंचमसिंह मार्ग, आकाशवाणी के पास ग्वालियर (म.प्र.)

फोन नं. 0751–2970516(O) 0751–2970515 (फैक्स)
E-mail comptroller@rvskvv.net

क्रमांक / ले.नि / 2020–21 / 3564 ग्वालियर, : 27 / 01 / 2021

Reminder-1

प्रति,

समस्त आहरण संवितरण अधिकारी
रा.वि.सिं.कृ.वि.वि..........................

विषयः– **दिनांक 01.01.2005 के पूर्व नियुक्त नियमित अधिकारी / कर्मचारी जो वर्तमान में कार्यरत हैं की जानकारी प्रस्तुत निर्धारित प्रपत्र में भेजने बाबत्।**

संदर्भः– **इस कार्यालय का पत्र क्रमांक / ले.नि. / 2020–21 / 1496, दिनांक 25.08.2020**

****

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र के माध्यम से पूर्व में जानकारी चाही गयी थी जो अप्राप्त है। पुनः से पत्र लिखकर लेख है कि रा.वि.रा.सिं.कृ.वि.वि. में समस्त इकाईयों में पदस्थ दिनांक 01.01.2005 के पूर्व नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अद्यतन जानकारी निम्न प्रारूप में ई–मेल एवं स्पीड पोस्ट द्वारा 05.02.2021 तक अनिवार्य रूप से लेखा नियंत्रक कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें, ताकि तदनुसार अद्यतन जानकारी भारतीय जीवन बीमा निगम ग्वालियर को उपलब्ध कराई जा सके।

कृपया जानकारी भेजते समय पूर्णतया सावधानी बरती जावे ताकि किसी अधिकारी / कर्मचारी का नाम जानकारी में सम्मिलित करने से छूट न जावे। यदि किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी का नाम निर्धारित प्रारूप में आपके द्वारा नहीं भेजा जाता है तो इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व आपका रहेगा। लेखा नियंत्रक कार्यालय की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

उल्लेखनीय है कि संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी का नाम भारतीय जीवन बीमा निगम ग्वालियर को भेजे जाने वाली सूची में शामिल नहीं होने के कारण सेवानिवृत्ति के समय संबंधित को सेवानिवृत्ति स्वत्वों का भुगतान भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा नहीं किया जावेगा। इसके लिए संबंधित कार्यालय / इकाई प्रमुख सीधे तौर पर उत्तरदायी रहेंगे।

अतः प्राथमिकता के आधार पर जानकारी तैयार कर शीघ्र इस कार्यालय को निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें।

s. no.	Name of Employee	CPF No.	Date of Joing	Date of Birth	Date of Retirement	Salary

लेखा नियंत्रक

क्रमांक / ले.नि / 2020–21 / 3565 ग्वालियर, : 27 / 01 / 2021

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलसचिव महोदय, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर।
2. अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय ग्वालियर।
3. सह संचालक अनुसंधान, ऑ.कृ.अनु.के., मुरैना।
4. कार्यपालन यंत्री रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
5. वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृ.वि.के.,.......................समस्त(ग्वालियर, अशोकनगर शाजापुर, शिवपुरी धार, खण्डवा, बड़वानी, मंदसौर और गुना को छोड़कर)।
6. प्रभारी अधिकारी प्रक्षेत्र कृषि उनुसंधान / फल अनुसंधान केन्द्र बागवाई / उज्जैन / जावरा। (कृपया आप अपने स्तर पर जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु प्रयास करने का कष्ट करें)
7. माननीय कुलपतिजी के निजसचिव, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
8. पोर्टल प्रभारी रा.वि.सि.कृ.वि.वि. ग्वालियर।

Letter 2021

COMPTROLLER
R.V.S.K.V.V., Gwalior